सीएसआईआर-सीरी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के उपलक्ष्य में विविध गतिविधियों का आयोजन

भारतीय खेल प्राधिकरण तथा सीएसआईआर मुख्यालय से प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुपालन में सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के उपलक्ष्य में 3 से 9 मार्च की अवधि को अंतरराष्ट्रीय महिला सप्ताह के रूप में मनाया गया। इस अवधि के दौरान में महिला कार्मिकों के लिए विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान में कार्यरत महिला सहकर्मियों, जेआरएफ, एसआरएफ एवं प्रशिक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की।

महिला कार्मिकों को स्वस्थता शपथ दिलाते हुए
डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

शपथ ग्रहण

कार्यक्रमों की शुरुआत करते हुए डॉ. पी. सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने सभी महिला सहकर्मियों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की अग्रिम शुभकामनाएँ दीं तथा ‘स्वस्थता शपथ’ दिलाई। अपने संक्षिप्त संबोधन में उन्होंने सभी महिला कार्मिकों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और नियमित व्यायाम के लिए प्रेरित किया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों एवं खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। खेल गतिविधियों एवं विजेताओं का विवरण इस प्रकार है :

1. वकाथॉन (3 मार्च, 2025)

वकाथॉन द्वारा संस्थान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित की जाने वाली गतिविधियाँ आरंभ हुईं। संस्थान के निदेशक डॉ. पी. सी. पंचारिया ने स्टाफ क्लब का ध्वज फहराकर वकाथॉन का शुभारंभ किया। इस गतिविधि में महिला कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और संस्थान परिसर में उत्साहपूर्वक पैदल भ्रमण किया। वकाथॉन के दौरान महिलाओं ने स्वास्थ्य और फिटनेस के महत्व पर परस्प र चर्चा की और इस पहल को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

वकाथॉन में भाग लेती हुईं संस्थान की महिला कार्मिक

टेबल टेनिस फाइनल में जूझती हुईं खिलाड़ी

2. टेबल टेनिस (3 मार्च, 2025)

टेबल टेनिस प्रतियोगिता में दस प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सुश्री प्रेरणा बिपिन उनदकट, पीएचडी छात्रा ने शानदार प्रदर्शन कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि डॉ. सुमित्रा सिह, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक उपविजेता रहीं।

3. क्रिकेट (4 मार्च, 2025)

महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भी कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। प्रसिद्ध भारतीय महिला क्रिकेट खिलाड़ियों, मिताली राज और स्मृति मंधाना, के नाम से दो टीमों का गठन किया गया। खिलाड़ियों को दोनों टीमों में बाँट कर संतुलित टीमें बनाई गईं। मिताली राज टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब जीता, जबकि स्मृति मंधाना टीम उपविजेता रही। विजेता टीम की कप्तान डॉ. सुमित्रा सिह और उपविजेता टीम की कप्तान डॉ. हसीना खातून ने सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की।

मैच से पूर्व खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देती हुई
सीरी महिला क्लब की अध्यक्ष श्रीमती सीमा पंचारिया

क्रिकेट मैच का दृश्य

मैच में विजय के उपरांत प्रफुल्लित मिताली राज टीम के खिलाड़ी

पुरस्कार वितरण समारोह

आयोजन का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी, डॉ. पी. सी. पंचारिया ने विजेताओं और उपविजेताओं को शील्ड और व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें भविष्य में भी इसी तरह सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सीरी महिला क्लब की अध्यक्ष श्रीमती सीमा पंचारिया ने भी खिलाड़ियों के प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने सभी महिला कर्मचारियों को खेलों में भागीदारी बढ़ाने और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी।

पुरस्कार वितरण के बाद खिलाडियों को संबोधित करते हुए
डॉ. पी. सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

इस कार्यक्रम का आयोजन सीएसआईआर-सीरी स्टाफ क्लब द्वारा किया गया। स्टाफ क्लब के सचिव डॉ. नीरज कुमार, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक ने सभी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए आयोजन की पृष्ठभूमि से अवगत कराया।

इस प्रकार सीएसआईआर-सीरी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित गतिविधियाँ संपन्न हुईं। इस आयोजन ने न केवल महिला कर्मचारियों को फिटनेस और खेलों के प्रति जागरूक किया, बल्कि उनमें संगठन और टीम भावना के महत्व का संचार भी किया। इन गतिविधियों से संस्थान और कॉलोनी परिसर में सकारात्मक और जीवंत वातावरण सुदृढ़ हुआ।